# आधुनिक राज॰ का इतिहास

→ 1803 ई॰ में भरतपुर तथा अलवर रियासतों ने अंग्रेजों के साथ संधि कर ली।

→ इस समय लॉर्ड वैलेजली अंग्रेजों का गर्वनर था।

→ 1817 ई॰ में करौली तथा कोटा रियासतों ने अंग्रेजों के साथ संधियाँ की थी।

→ 1818 ई॰ में राज॰ की अन्य रियासतों ने अंग्रेजों के साथ संधियाँ कर ली थी।

→ इस समय लॉर्ड हेस्टिंगस अंग्रेजों का गर्वनर जनरल था।

→ इन संधियों के दौरान चार्ल्स मेटकॉफ अंग्रेजों का प्रतिनिधि था।

Springboard Academy

→ डूंगरपुर, प्रतापगढ़ तथा बाँसवाड़ा रियासतों के साथ संधियों के दौरान जॉन मेल्कम अंग्रेजों का प्रतिनिधि था।

→ 1823 ई॰ सिरोही रियासत अंग्रेजों के साथ सन्धि करती है।

→ इस संधि के दौरान एलेक्जेण्डर स्पीयर्स अंग्रेजों का प्रतिनिधि था।

→ चार्ल्स मेटकॉफ के अनुसार राज॰ की रियासतों का परिसंघ बनाया जाना चाहिए।

→ मोहन सिंह मेहता की पुस्तक - Lord Hastings and indian states

→ 25 June 1818 ई॰ को अंग्रेजों ने मराठों को हराकर अजमेर पर अधिकार कर लिया।

→ प्रत्येक रियासत में एक अंग्रेज अधिकार नियुक्त किया जाता जिसे Political Agent / Resident कहते थे।

डेविड आक्टरलोनी - यह पहला Resident of राजपूताना था।

मुख्यालय - दिल्ली

→ 1832 ई० में अजमेर में A.G.G. मुख्यालय स्थापित किया गया था।

→ अब्राहम लाकेट राज० का पहला A.G.G. था।

→ 1845 ई० में A.G.G. मुख्यालय आबू स्थानान्तरित किया गया।

→ 1864 ई० में अजमेर तथा आबू में 6 - 6 महीने की व्यवस्था की गई।

03/12/24

→ रियासतों की सुरक्षा के लिए अंग्रेजों ने नई सेनाओं का गठन किया था।

जैसे - कोटा कन्टिन्जेंट 1822 ई० देवली (टोंक)

मेरवाड़ा बटालियन 1822 ई० ब्यावर

जोधपुर लीजियन 1835 ई० एरिनपुरा (पाली)

RAS Que.* शेखावाटी ब्रिगेड 1835 ई० झुन्झुनू

मेवाड़ भील कोर 1841 ई० खेरवाड़ा (उदयपुर)

→ अंग्रेजो ने राज० में तीन नई रियासतों का गठन किया था -

① धौलपुर 1806 ई०

② टोंक 1817 ई॰

③ झालावाड़ 1838 ई॰

→ 1869 ई॰ में अंग्रेजो ने सांभर झील पर अधिकार किया था।

→ 1893 ई॰ में अंग्रेजों ने अफीम कमिशन का गठन किया था।

## 1857 ई॰ की क्रांति

→ क्रांति के दौरान जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस राज॰ का A॰G॰G॰ था।

→ क्रांति के दौरान राज॰ में 6 सैनिक छावनियाँ थी।

① नसीराबाद (अजमेर)

② नीमच (M॰P॰)

③ देवली (टोंक)

④ एरिनपुरा (पाली)

⑤ ब्यावर

⑥ खैरवाड़ा (उदयपुर)

Springboard ACADEMY

→ ब्यावर तथा खैरवाड़ा छावनियों में सैनिकों ने क्रांति में भाग नहीं लिया था।

① **नसीराबाद →**

28 मई को 15th Bengal native Infantry के सैनिकों ने क्रांति की शुरुआत की।

→ इन्होंने दो अंग्रेज अधिकारों को मार दिया - (i) कर्नल न्यूबरी
(ii) कर्नल स्पोटिसवुड

→ दो अंग्रेज अधिकार घायल हो गए थे - लेफ्टिनेंट लॉक
कैप्टन हार्डी

→ कर्नल Penny की हृदयाघात से मृत्यु हो गई।

→ 30 वीं N.I. भी क्रांति में शामिल हो गई तथा सभी विद्रोही दिल्ली की तरफ चले गए।

② **नीमच →**

कर्नल एबॉट के सामने मोहम्मद अली बेग नामक सैनिक ने अंग्रेजों के प्रति वफादारी की प्रतिज्ञा करने से मना कर दिया। (2 June)

Springboard ACADEMY

→ 3 June को हीरासिंह के नेतृत्व में सैनिकों ने क्रांति कर दी।

→ शाहपुरा के राजा लक्ष्मण सिंह ने विद्रोहियों की सहायता की।

→ देवली छावनी की महीदपुर बटालियन विद्रोह में शामिल हो गई तथा सभी विद्रोही दिल्ली की तरफ चले गए

→ नीमच छावनी से 40 अंग्रेज भाग गए थे।

→ डूंगला (चित्तौड़) नामक गाँव में रूघाराम नामक किसान ने इन्हें शरण दी थी।

→ मेवाड़ का पॉलिटिकल एजेंट शॉवर्स इन्हें उदयपुर लेकर आया।

→ महाराणा स्वरूप सिंह ने इन्हें जग मंदिर महल में रखा था।

एरिनपुरा →

21 Aug. को पूर्बिया सैनिकों ने आबू में क्रांति की तथा अंग्रेज अधिकार हॉल के घर पर हमला कर दिया।

→ विद्रोही हरिनपुरा आए तथा अपने बाकी साथियों के साथ इन्होंने दिल्ली की तरफ जाने का प्रयास किया।

→ खैरवा (पाली) नामक स्थान पर विद्रोहियों की मुलाकात आउवा के सामन्त कुशाल सिंह चाम्पावत से हुई।

**बिठोड़ा का युद्ध (पाली) –** 8 Sept. 1857 A.D.

Capt. हीथकोट + कुशलराज सिंघवी (Jodhpur शासक तख्त सिंह की तरफ से) v/s कुशाल सिंह चाम्पावत

→ इस युद्ध में कुशाल सिंह की जीत हुई।

→ जोधपुर का सेनापति ओनाड़ सिंह पंवार युद्ध में लड़ता हुआ मारा गया।

**चेलावासा का युद्ध (पाली) →** 18 Sep. 1857 A.D.

जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस + मैकमोसन v/s कुशाल सिंह चाम्पावत

→ इसे काले गोरों के बीच का युद्ध कहा जाता है।

Springboard Academy

→ इस युद्ध में कुशाल सिंह की जीत हुई।

→ मैकमोसन मारा गया।

आउवा का युद्ध → 20 जनवरी 1858 AD.

कर्नल हॉम्स + हंसराज जोशी (जोधपुर) v/s कुशाल सिंह चाम्पावात

→ कुशाल सिंह सहायता प्राप्त करने के लिए मेवाड़ चले गए।

→ पृथ्वीसिंह (लाम्बिया) ने युद्ध का नेतृत्व किया।

→ इस युद्ध में अंग्रेजों की जीत हुई।

→ * Que. 24 Jan. 1858 ई. को अंग्रेजों ने आउवा पर अधिकार कर लिया तथा सुगाली माता की मूर्ति उठाकर ले गए

→ [यह काले संगमरमर की मूर्ति है जिसमें सुगाली माता के 10 सिर व 54 हाथ है।

→ अंग्रेजो ने इसे अजमेर के राजपूताना म्यूजियम मे रखा।

→ कालान्तर में इसे पाली के बागड़ म्यूजियम में रख दिया गया था।]

Springboard Academy

→ मेवाड़ में सलूम्बर के केसरी सिंह तथा कोठारिया के जोध सिंह ने कुशाल सिंह को शरण दी थी।

→ 8 Aug. 1860 ई० को नीमच में कुशाल सिंह ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

→ कुशाल सिंह की जाँच के लिए अंग्रेजों ने 'टेलर कमिशन' का गठन किया।

→ कुशाल सिंह ने अपना अंतिम समय उदयपुर में बिताया था तथा 1864 ई० में यहीं पर मृत्यु हो गई थी।

→ मारवाड़ के कई अन्य सामन्तों ने भी कुशाल सिंह की सहायता की।

जैसे - (i) शिवनाथ सिंह (आसोप)
(ii) बिशन सिंह (गूलर)
(iii) अजीत सिंह (आलणियावास)

→ शिवनाथ सिंह आसोप के नेतृत्व में विद्रोही दिल्ली की तरफ गए थे लेकिन नारनौल (HR) के पास अँग्रेज सेनापति गेरार्ड से हार गए थे।

Springboard Academy

→ बड़लू (जोधपुर) नामक स्थान पर शिवनाथ सिंह ने मारवाड़ की सेना का 35 दिनों तक सामना किया था।

→ बिशन सिंह तथा अजीत सिंह डाकू बन गए थे।

तख्तसिंह – क्रांति के दौरान मारवाड़ का राजा।

कानजी – बिठौड़ा का सामन्त। जिसकी हत्या कुशाल सिंह द्वारा कर दी गई।

क्रांति के केन्द्र (आउवा)
- सुगाली माता मंदिर
- * RAS Q. 2016 कामेश्वर मंदिर

## कोटा का जन विद्रोह → 15 Oct. 1857 ई.

विद्रोही – वकील जयदयाल (मथुरा)
रिसालदार मेहराब खान (करौली)
(सेना का सेनापति)

रिसाला - सेना

→ महाराव रामसिंह II को नजरबंद कर दिया गया।

Springboard Academy

→ P.A. बर्टन तथा कई अन्य लोगों को मार दिया गया।

जैसे - क्रेंक, आर्थर ]- बर्टन के पुत्र

सडेलर, सेविल कॉटम ]- डॉक्टर

देवीलाल - महराब का प्रतिनिधि

→ मथुरेश मंदिर के कन्हैयालाल गोस्वामी ने रामसिंह II तथा विद्रोहियों के बीच समझौता करवाया (9 शर्तें)

→ रामसिंह II ने मेवाड़ महाराणा से अपने परिवार को उदयपुर बुलाने को कहा।

→ करौली के राजा मदनपाल ने रामसिंह II को मुक्त करवाया।

→ 30 March 1858 AD को अंग्रेज अधिकारी रॉबर्ट्स ने कोटा को पूर्णतः मुक्त करवाया था।

→ जयदयाल तथा मेहराब खान को मृत्यु दण्ड दिया गया।

→ अंग्रेजो ने रामसिंह II की तोपों की सलामी घटा दी थी (15 से 11)

→ अंग्रेजों ने मदनपाल की तोपों की सलामी बढ़ा दी थी (15 से 17)

अन्य विद्रोही -
① हरदयाल
② रतनलाल
③ जियालाल

## टोंक का जन विद्रोह →

नवाब वजीरुद्दौला अंग्रेजों का समर्थक था।

विद्रोही -
① मीर आलम खाँ
② अहमदयार खाँ (निम्बाहेड़ा)
③ मोइनुद्दीन (पलोद)

→ अहमदयार खाँ शहजादा फिरोज (मन्दसौर) के सम्पर्क में था।

→ ★ Que. मोइनुद्दीन ने मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर से मुलाकात की थी।

→ निम्बाहेड़ा में जनता ने नीमच के विद्रोहियों का स्वागत किया था।

Springboard Academy

→ यहाँ पर ताराचन्द पटेल ने अंग्रेज अधिकारी जेक्सन का सामना किया था।

→ जेक्सन नीमच के विद्रोहियों का पीछा कर रहा था।

→ ताराचन्द पटेल को फाँसी दी गई थी।

→ मोहम्मद मुजीब के नाटक 'आजमाईश' के अनुसार टोंक के विद्रोह में महिलाओं ने भी भाग लिया।

## धौलपुर का जन विद्रोह →

देवा गुर्जर ने क्रांति की शुरुआत की।

→ इन्दौर तथा ग्वालियर के विद्रोही धौलपुर आ गए थे।

→ विद्रोहियों के नेता - ① हीरालाल
② राव रामचन्द्र

→ विद्रोह दबाने के लिए महाराजा भगवन्त सिंह को पटियाला से सेना बुलानी पड़ी थी।

Springboard Academy

## भरतपुर का जन विद्रोह →

मेव तथा गुर्जर समुदाय ने क्रांति में भाग लिया।

नेता - सदरुद्दीन

→ महाराजा जसवन्त सिंह P.A. मॉरिसन को भरतपुर छोड़ने की सलाह दी थी।

## अलवर का जन विद्रोह →

महाराजा विनय सिंह तथा महाराजा शिवदान सिंह ने अंग्रेजों का समर्थन किया।

→ आगरा की रक्षा के लिए विनय सिंह ने अपनी सेना भेजी।

→ अछनेरा नामक स्थान पर विद्रोहियों ने इस सेना को हरा दिया।

→ दीवान फैजुल्ला खाँ ने विद्रोहियों का साथ दिया था।

## जयपुर →

P.G. ईडन के कहने पर महाराजा रामसिंह II ने विद्रोहियों को गिरफ्तार कर लिया।

Springboard Academy

विद्रोही -
(i) लियाकत खाँ
(ii) उस्मान खाँ
(iii) विलायत खाँ
(iv) सादुल्ला खाँ

*Que.
→ मंत्री शिवसिंह सामोद ने रामसिंह II को बहादुर शाह जफर से बातचीत ~~की~~ करने की सलाह दी।

रामसिंह II को सितार ए हिन्द की उपाधि व कोटपुतली परगना दिया

## बीकानेर →

बाड़लू (हिसार के पास) नामक स्थान पर महाराजा सरदार सिंह ने क्रांति को दबाया था।

→ * यह राजस्थान का एकमात्र राजा जिसने अपनी रियासत के बाहर जाकर क्रांति को दबाया था।

→ अंग्रेजों ने इसे टिब्बी परगने के 41 गाँव दिए थे।

## अमरचन्द बांठिया →

यह मूल रूप से बीकानेर के रहने वाले थे।

→ क्रांति के दौरान झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की ग्वालियर में आर्थिक सहायता की थी।

Springboard Academy

→ इन्हें क्रांति का भामाशाह कहा जाता है।
→ अंग्रेजों ने इन्हें फाँसी लगा दी थी।

तांत्या टोपे →
क्रांति के दौरान दो बार राज० आए थे। ( Aug. 1858, Dec. 1858)

कुआड़ा का युद्ध - 9 Aug. 1858 ई०
(भीलवाड़ा)
रॉबर्ट्स ने तांत्या टोपे को हरा दिया।

रकमगढ़ का युद्ध - 13 Aug. 1858 ई०
(राजसमंद)
अंग्रेजों ने तांत्या टोपे को हराया।

★ Imp.
→ कोठारिया के जोध सिंह ने इस युद्ध में तांत्या टोपे की सहायता की थी।

→ रलायता (झालावाड़) नामक स्थान पर झालावाड़ के राजा पृथ्वी सिंह ने तांत्या टोपे के खिलाफ सेना भेजी।

→ लेकिन गोपाल पलटन को छोड़कर बाकी सेना ने तांत्या टोपे के खिलाफ लड़ने से मना कर दिया।

Springboard Academy

→ पृथ्वी सिंह को तांत्या टोपे को 5 लाख रुपये देने पड़े।

→ 11 Dec. 1858 ई॰ को तांत्या टोपे ने बाँसवाड़ा रियासत पर अधिकार कर लिया था।

→ इस समय लक्ष्मण सिंह बाँसवाड़ा का राजा था।

→ प्रतापगढ़ में मेजर रॉक ने तांत्या टोपे को रोका।

→ इस समय दलपत सिंह प्रतापगढ़ का राजा था।

1857 माझा प्रवास – विष्णु भट्ट गोडसे।

जीरापुर का युद्ध → (M.P.)
कर्नल बेसैन ने तांत्या टोपे को हराया।

दौसा का युद्ध –
शॉवर्स तथा हॉनर्स ने तांत्या टोपे को हराया।

सीकर का युद्ध –
कर्नल हॉम्स ने तांत्या टोपे को हराया।

→ तांत्या टोपे के 600 सैनिकों ने बीकानेर राजा सरदार सिंह के समान

आत्मसमर्पण कर दिया।

→ मानसिंह के विश्वास घात के कारण तांत्या टोपे को नरवर (M.P.) के जंगलों में गिरफ्तार कर लिया था।

→ 18 April 1859 ई. को शिवपुरी (M.P.) नामक स्थान पर तांत्या टोपे को फांसी लगा दी थी।

→ शॉवर्स ने इस फाँसी का विरोध किया था।

→ शॉवर्स की पुस्तक -
A Missing chapter of Revolt of 1857 A.D.

→ बीकानेर महाराजा सरदार सिंह ने तांत्या टोपे को 10 घुड़सवार दिए थे।

→ टोंक के नासिर मुहम्मद खाँ ने तांत्या टोपे की सहायता की थी।

→ सलूम्बर के केसरी सिंह तथा कोठारिया के जोधसिंह ने तांत्या टोपे को शरण दी थी।

→ जोधसिंह ने कई अन्य विद्रोहियों को शरण दी थी।

जैसे ① पेशवा नाना साहब

② राव साहब

③ भीम जी चारण (गंगापुर में अंग्रेजों को लूट लिया था)

→ कवि राघोदास ने अपने गीतों में सलूम्बर के केसरी सिंह की प्रशंसा की थी।

→ I. T. प्रिचार्ड की पुस्तक - Mutinies in Rajputana

→ *Q. नाथुराम खड़गावत की पुस्तक - Rajasthan's Roles in struggle of 1857

Springboard Academy

# राज० के किसान आन्दोलन

## बिजौलिया आन्दोलन →

मेवाड़ का प्रथम श्रेणी ठिकाना था।

सवाई कृष्णसिंह 1897 ई०

→ राणा सांगा ने अशोक परमार (जगनेर) को ऊपरमाल की जागीर दी थी।

→ बिजौलिया इस जागीर का मुख्यालय था।

→ अशोक परमार ने खानवा के युद्ध में भाग लिया था।

05/12/24

आन्दोलन के कारण –

i) 84 प्रकार के कर

ii) अधिक भू - राजस्व

iii) लाटा - कुन्ता

iv) बेगार

v) चंवरी कर → 1903 ई० में कृष्ण सिंह ने यह कर लगाया था।

→ यह कर किसानों से उनकी लड़कियों के विवाह के समय लिया जाता था।

Springboard Academy

vi) तलवार बँधाई कर →

1906 ई. में पृथ्वीसिंह ने यह कर किसानों पर लगाया था।

→ यह उत्तराधिकार कर होता था जो नए सामन्त द्वारा राजा को दिया जाता था।

प्रथम चरण (1897-1914) -

धाकड़ किसानों ने गिरधरपुरा नामक गाँव से आन्दोलन प्रारम्भ किया।

→ साधु सीताराम दास के कहने पर नानजी पटेल तथा ठाकरी पटेल किसानों की समस्या लेकर मेवाड़ महाराणा फतेह सिंह से मिले।

→ हामिद को जाँच अधिकारी बनाया गया।

→ पहले चरण में किसानों को अधिक सफलता नहीं मिली।

→ स्थानीय नेताओं द्वारा आन्दोलन चलाया गया - प्रेमचन्द भील
फतेहकरण चारण
ब्रह्मदेव

Springboard Academy

## IInd चरण (1914-35) -

साधु सीताराम दास ने विजय सिंह पथिक को आन्दोलन में जोड़ा।

**ऊपरमाल पंच बोर्ड →**

*बिजौलिया किसान पंचायत*

स्थापना - 1917 ई. (हरियाली अमावस्या)

संस्थापक - विजय सिंह पथिक

स्थान - बैरीसाल

*जागृति के लिए मित्रमण्डल*

अध्यक्ष - मन्ना पटेल

*बिजौलिया संगठन ↳ साधु सीताराम दास*

→ विजय सिंह पथिक ने ऊपरमाल सेवा समिति का भी गठन किया। तथा ऊपरमाल का डंका नामक पर्चा प्रकाशित किया था।

*'भूपसिंह'*

*रमादेवी ↳ 1930 सत्याग्रह, 1932 सविनय अवज्ञा आंदोलन*

→ पथिक जी से प्रेरित होकर माणिक्यलाल वर्मा आन्दोलन में शामिल हो गए।

→ पहले यह बिजौलिया ठिकाने में नौकरी करते थे।

→ 1919 ई. के कांग्रेस के अमृतसर अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने बिजौलिया आन्दोलन के पक्ष में प्रस्ताव रखा लेकिन गाँधीजी ने इसका विरोध किया।

→ 1920 ई. के कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में गाँधीजी ने आन्दोलन को नैतिक समर्थन प्रदान किया।

→ 1922 ई. में अंग्रेजों के हस्तक्षेप के कारण किसानों के साथ एक समझौता किया गया।

समझौता - 1922 ई.

| | |
|---|---|
| रॉबर्ट हॉलैंड (A.G.G.) | मोतीराम |
| विलकिन्स (P.G.) | नारायण पटेल |
| आगाल्वी (A.G.G का सचिव) | रामनारायण चौधरी |
| बिहारीलाल (राजा के अधिकारी) | माणिक्य लाल वर्मा |
| प्रभाषचन्द्र चटर्जी (राजा के अधिकारी) | |

→ इस समझौते में किसानों के 35 कर माफ कर दिए गए थे।

→ बिजौलिया के सामन्त केसरी सिंह ने इस समझौते को स्वीकार नहीं किया था।

किसान पंचायतों को मजबूत बनाने की दृष्टि से 1922 में पूर्वी मेवाड़ परिषद् का गठन किया गया।

15

III^rd चरण (1923-41) →

भूमि बंदोबस्त अधिकारी ट्रेन्च ने असंचित भूमि पर कर बढ़ा दिए थे।

→ 1927 ई० में विजय सिंह पथिक के कहने पर किसानों ने अपनी असंचित भूमि सामन्त को लौटा दी।

→ सामन्त ने इस भूमि को जप्त कर लिया।

→ 1929 ई० में विजयसिंह पथिक आन्दोलन से अलग हो गए थे।

→ गाँधीजी ने जमनालाल बजाज को आन्दोलन के लिए भेजा।

→ बजाज जी ने हरिभाऊ उपाध्याय को आन्दोलन का नेता नियुक्त किया।

→ 1941 ई० में मेवाड़ के प्रधानमंत्री T. राघवाचारी तथा राजस्व मंत्री मोहन सिंह मेहता ने किसानों के साथ एक समझौता करवाया।

Springboard ACADEMY

→ किसानों की जप्त जमीनें उन्हें वापस दे दी गई।

→ यह राज॰ का पहला संगठित किसान आन्दोलन था।

→ यह विश्व का सबसे लम्बा अहिंसक आन्दोलन था। (44 वर्ष)

→ तिलक तथा गाँधीजी ने मेवाड़ महाराणा फतेहसिंह को पत्र लिखे थे।

→ 'मराठा' समाचार पत्र में तिलक ने बिजौलिया आन्दोलन के पक्ष में एक लेख लिखा।

→ गणेश शंकर विद्यार्थी अपने 'प्रताप' समाचार पत्र में आन्दोलन की अखबरें प्रकाशित करते।

→ यह एक साप्ताहिक समाचार पत्र था जो कि कानपुर से प्रकाशित होता था।

→ पथिक ने गणेश शंकर विद्यार्थी को चाँदी की राखी भेजी थी।

→ प्रेमचन्द जी का रंगभूमि उपन्यास बिजौलिया आन्दोलन पर आधारित है।

Springboard Academy

→ माणिक्यलाल वर्मा का गीत पंछीड़ा
→ विजय सिंह पथिक का गीत -
'पीड़ितों का पंछीड़ा'

→ भंवरलाल जी ने भी अपने गीतों से किसानों को प्रोत्साहित किया।

उमाजी का खेड़ा - माणिक्यलाल वर्मा यहाँ विद्यालय संचालित करते थे।

तुलसा भील - विजय सिंह पथिक के समाचार वाहक

→ राजस्थान राज्य अभिलेखागार (Bikaner) ने 'बिजौलिया किसान आन्दोलन का इतिहास' नामक पुस्तक प्रकाशित की।
writer -
↳ शंकर सहाय सक्सेना
पद्मजा शर्मा

## बेंगू आन्दोलन :-
(चित्तौड़)

बेंगू मेवाड़ रियासत का प्रथम श्रेणी ठिकाना था।

→ 1921 ई. में धाकड़ किसानों ने मेनाल के भैरूंकुण्ड नामक स्थान से आन्दोलन प्रारम्भ किया।

Springboard Academy

कारण -
i) 53 के कर
ii) अधिक भू राजस्व
iii) लाटा - कुन्ता
iv) बेगार ।

नेता - रामनारायण चौधरी

→ 1922 ई० में अजमेर में विजय सिंह पथिक ने बेंगू के सामन्त अनूप सिंह चूंडावत तथा किसानों के बीच एक समझौता करवाया ।

→ ट्रेन्च ने इसे बोल्शेविक समझौता बताया ।

→ मेवाड़ रियासत ने इस समझौते को स्वीकार नहीं किया

→ अनूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अमृतलाल को बेंगू का प्रशासक बना दिया गया ।

गोविन्दपुरा हत्याकाण्ड →
13 July 1923 A.D.

→ ट्रेंच ने किसानों की सभा पर फायरिंग कर दी ।

Springboard Academy

→ इसमें दो किसान शहीद हो गए -
① रूपाजी धाकड़
② किरपा जी धाकड़

→ 10 Sep. 1923 ई. को विजय सिंह पथिक को गिरफ्तार कर लिया गया।

→ कालान्तर में किसानों के 34 कर माफ कर दिए गए।

अन्य केन्द्र - ① चाँदखेड़ी
② मंडावरी

मेवाड़ के खालसा क्षेत्र में किसान आन्दोलन →
April 1921 ई. में जाट किसानों ने उदयपुर से यह आन्दोलन प्रारम्भ किया।

नेता - गोकुल जी

पोड़ोली सम्मेलन → Dec. 1921

निर्णय - i) आन्दोलन को बिजौलिया आन्दोलन की तरह चलाया जाएगा

ii) अगला सम्मेलन मातृकुंडिया में बुलाया जाएगा।

Springboard ACADEMY

मातृकुंडिया सम्मेलन → May. 1922 A.D.

इस सम्मेलन में किसानों की अधिकांश: माँगे स्वीकार कर ली गई थी।

→ किसानों को अफीम की खेती का मुआवजा दे दिया गया था।

बून्दी आन्दोलन / बरड़ आन्दोलन

1922 ई. में गुर्जर किसानों ने आन्दोलन प्रारम्भ किया था।

कारण -

i) 25 प्रकार के कर
ii) अधिक भू - राजस्व
iii) लाटा कुन्ता
iv) बेगार
v) युद्ध कर
vi) चराई कर
vii) भ्रष्टाचार

डाबी किसान पंचायत →

स्थापना - 1920 ई.
संस्थापक - साधु सीताराम दास
अध्यक्ष - हरला भड़क

Shringbaard ACADEMY

→ किसानों ने सरकारी अदालतों का बहिष्कार कर दिया।

→ किसानों ने सरकारी चरागाहों पर अधिकार कर लिया।

→ अन्य स्थानों पर किसान पंचायतें स्थापित की गई।

जैसे - बरड़
बरंधन
गादरड़ा

डाबी हत्याकाण्ड → इकराम हुसैन ने किसानों की सभा पर फायरिंग कर दी तथा इसमें दो किसान शहीद हो गए -

i) नानक जी भील
ii) देवीलाल गुर्जर

→ नानक जी भील झण्डा गीत गा रहे थे।

→ नानक जी भील की याद में माणिक्यलाल वर्मा ने अर्जी नामक गीत लिखा।

Springboard ACADEMY

किसान आन्दोलन के नेता →

नयनू राम शर्मा (राज० सेवा संघ के सदस्य)
नारायण सिंह
भंवरलाल सुनार

→ 1928 - 29 ई० में राज० सेवा संघ के बन्द हो जाने के कारण यह आन्दोलन समाप्त हो गया था।

→ इस आन्दोलन में महिलाएँ बड़ी संख्या में शामिल हुई थी।

→ 1936 ई० में इस आन्दोलन का दूसरा चरण प्रारम्भ होता है तथा इस चरण में समाज सुधार किए गए थे।

हिंडोली सम्मेलन -

5 Oct. 1936 A.D.

→ यह सम्मेलन डूडेश्वर नामक स्थान पर आयोजित किया गया था यहाँ पर 500 से अधिक गुर्जर व मीणा किसान शामिल हुए थे।

Springboard ACADEMY

## अलवर आन्दोलन →

Ⓐ नीमूचणा
↓
राजपूत किसान
↓
बानसूर
थानागाजी

Ⓑ मेव
↓
मेव किसान
↓
रामगढ़
लक्ष्मणगढ़
किशनगढ़
तिजारा
} मेवात

### Ⓐ नीमूचणा आन्दोलन →

**कारण** - i) 1924 ई० में महाराजा जयसिंह ने राजपूत व ब्राह्मण किसानों पर 40% कर बढ़ा दिए।

ii) माफी भूमि को जप्त कर लिया गया था।

iii) जंगली सूअरों की समस्या।

**नेता** -
माधोसिंह
अमरसिंह
गंगा सिंह
गोविन्द सिंह

→ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने आन्दोलन का समर्थन किया।

→ किसानों ने 'पुकार' नामक पर्चा प्रकाशित किया।

नीमूचणा हत्याकाण्ड -

14 May 1925 A.D.

→ छाजू सिंह ने किसानों की सभा पर फायरिंग की तथा इसमें 156 किसान शहीद हुए।

→ अपने Young India समाचार पत्र में गाँधी जी ने इसे 'दोहरी डायरशाही' कहा।

→ 'रियासत' समाचार पत्र ने इसकी तुलना 'जलियावाला बाग हत्याकाण्ड' से की थी।

→ तरुण राजस्थान समाचार पत्र ने इस घटना को सचित्र प्रकाशित किया था [31 May 1925 ई०]

Springboard Academy

(B) मेव आन्दोलन →

कारण –
i) अधिक भू राजस्व
ii) माफी भूमि को जप्त कर लिया गया।
iii) जंगली सूअरों की समस्या।

नेता –
यासीन खाँ (गुरुग्राम)
सैय्यद मीर नारंग
मुहम्मद अली
मुहम्मद हादी

→ धार्मिक संगठनों ने आन्दोलन का समर्थन किया था।
① अंजुमन - ए - खादिम - उल - इस्लाम
② जमीयत - ए - तबालीग - उल - इस्लाम

→ इस आन्दोलन के दौरान कुछ धार्मिक मांगे भी रखी गई।
जैसे – (i) मस्जिदों से सरकारी नियंत्रण समाप्त किया जाना चाहिए।
(ii) उर्दू को बढ़ावा दिया जाना चाहिए
(iii) सरकारी नौकरियों में मुस्लिमों की संख्या बढ़ानी जानी चाहिए।

Springboard Academy

→ महाराजा जयसिंह ने एक जाँच आयोग का गठन किया।

सदस्य - दुर्जन सिंह
गजनाफर अली
गणेशी लाल

→ यासीन खाँ के कहने पर किसानों ने जाँच आयोग का बहिष्कार कर दिया था।

→ आन्दोलन हिंसक तथा साम्प्रदायिक हो गया था।

→ 1933 ई. में तिजारा में साम्प्रदायिक दंगे हो गए थे।

→ अंग्रेजों ने महाराजा जयसिंह को हटा दिया।

→ वह पेरिस चला गया, वहीं उसकी मृत्यु हो गई थी।

## शेखावाटी आन्दोलन →

1922 ई. में सीकर के सामन्त कल्याण सिंह ने करों में बढ़ोतरी कर दी।

→ जाट किसानों ने आन्दोलन प्रारम्भ किया।

Springboard Academy

नेता -
① रामनारायण चौधरी
② हरि ब्रह्मचारी

→ सीकर ठिकाने ने रामनारायण चौधरी के प्रवेश पर पाबन्दी लगा दी।

→ तरुण राजस्थान समाचार पत्र प्रतिबंधित कर दिया गया था।

→ ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में पैथिक लॉरेन्स ने आन्दोलन की चर्चा की।

→ लन्दन के Daily Herald (हेराल्ड) नामक समाचार पत्र में आन्दोलन की खबरें प्रकाशित हुई।

→ 1925 ई० के पुष्कर अधिवेशन में अखिल भारतीय जाट महासभा ने आन्दोलन का समर्थन किया।

→ ठाकुर देशराज ने आन्दोलन का मोर्चा संभाला।

Springboard ACADEMY

→ 1931 ई० में जाट क्षेत्रीय महासभा का गठन किया गया था।

↳ प्रथम अधिवेशन -

1933 ई० पलथाना (सीकर)

जाट प्रजापति महायज्ञ →

20 जनवरी 1934 ई०

→ ठाकुर देशराज ने इसका आयोजन करवाया था (बसन्त पँचमी)

पुरोहित - खेमराज शर्मा

यजमान - हुकुम सिंह

→ 15 March 1935 ई० को सर छोटूराम चौधरी तथा रतन सिंह ने किसानों के साथ एक समझौता करवाया।

आन्दोलन के नेता -

① सरदार हरलाल सिंह → 1901 ई० में हनुमानपुरा (झुन्झुनू) में इनका जन्म हुआ।

→ झुन्झुनू में विद्यार्थी भवन की स्थापना की थी।

Springboard ACADEMY

→ यह किसान आन्दोलन की गतिविधियों का मुख्य केन्द्र था।

② नेतराम सिंह गौरीर (कमला बेनीवाल के पिता)

③ पन्ने सिंह बाटड़ानाउ

④ मास्टर चन्द्रभान

⑤ नरोत्तम लाल जोशी – इन्होंने शेखावाटी जकात आन्दोलन चलाया था।

→ राज० विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष।

07/12/24

1938 ई० में जयपुर प्रजामण्डल ने आन्दोलन का समर्थन किया।

→ 1947 ई० में जयपुर के प्रधानमंत्री हीरालाल शास्त्री तथा राजस्व मंत्री टीकाराम पालीवाल ने किसानों के साथ समझौता करवाया था।

कटराथल सम्मेलन → 25 April 1934 A.D.

इस सम्मेलन में 10 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया था।

Springboard Academy

कारण - 'स्रोतिया का बास' नामक स्थान पर सीहोट के सामन्त मानसिंह ने महिलाओं से दुर्व्यवहार किया था।

अध्यक्षा - किशोरी देवी

मुख्य वक्ता - उत्तमा देवी (भरतपुर)

कूदन हत्याकाण्ड →
(सीकर) 25 April 1935 A.D.

धापी देवी नामक महिला के कहने पर किसानों ने कर देने से इन्कार कर दिया।

→ कैप्टन वेब किसानों पर फायरिंग कर देता है तथा इसमें कई किसान शहीद हो गए थे।

चेतराम
टीकूराम
तुलछाराम
आशाराम

→ हाउस ऑफ कामन्स में इस हत्या काण्ड की चर्चा की गई।

Springboard Academy

जयसिंहपुरा (झुन्झुनू) हत्याकाण्ड →

21 June 1934 A.D.

डूंडलोद के सामन्त के भाई ने किसानों पर फायरिंग कर दी।

→ * यह राज० का पहला किसान आंदोलन था जिसमें हत्यारों को सजा मिली थी।

अमर सेवा समिति → शेखावाटी क्षेत्र में

इस संगठन ने राजनीतिक चेतना का संचार किया था।

→ मास्टर प्यारेलाल ने इसकी स्थापना की थी।

→ इन्होंने गाँधीजी के असहयोग आन्दोलन में भाग लिया था।

→ इन्हें चिड़ावा का गाँधी कहा जाता है।

शेखावाटी के पंचपाने →

① नवलगढ़ झुन्झुनू
② मंडावा
③ डूंडलोद
④ मलसीसर
⑤ बिसाऊ

Springboard ACADEMY

एनी हडसन – ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता थे।

→ हाउस ऑफ कॉमंस में किसानों से संबंधित मुद्दे उठाते थे।

## भरतपुर आन्दोलन :-

कारण →
① अधिक भू राजस्व
② शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सड़क पर नए कर लगाए गए थे।
③ 1929 ई. की महान आर्थिक मंदी।

नेता - लम्बरदार भोज

## बिजौलिया किसान आन्दोलन के जाँच आयोग

**1919 A.D.**
- बिन्दुलाल भट्टाचार्य
- अमर सिंह
- अफजल अली

**1920 A.D.**
- राजसिंह बेदला
- तख्त सिंह मेहता
- रमाकान्त मालवीय

Springboard Academy

Springboard ACADEMY

# राज० के जनजातीय आन्दोलन

**जनजातीय आन्दोलन के कारण →**

① अंग्रेजी शासन के दौरान जनजातियाँ प्रशासनिक परिवर्तनों को समझ नहीं पाई थी।

② इनकी परम्परागत कृषि व्यवस्था में हस्तक्षेप किया गया था।

③ राजा तथा सामन्त अधिक भू राजस्व लेते थे तथा इसे समय-2 पर बढ़ा दिया जाता था।

④ भू राजस्व नकद में लिया जाता था अतः किसान साहूकारों के चुंगल में फँस गए थे।

⑤ राजा तथा सामन्त जनजातियों से बेगार लेते थे।

⑥ जनजातियों के सामाजिक रीति रिवाजों में हस्तक्षेप किया गया था।

जैसे - मेवाड़ महाराणा स्वरूप सिंह ने [1853 A.D.]

Springboard Academy

डाकन प्रथा पर रोक लगा दी थी।

⑦ जनजातियों की परम्परागत न्याय व्यवस्था में हस्तक्षेप किया गया था।
जैसे - मौताणा।

⑧ जेम्स टॉड ने बोलाई (राजमार्ग कर) कर तथा रखवाली (सुरक्षा) कर समाप्त कर दिए।
↳ यह कर जनजातियों द्वारा लिए जाते थे।

⑨ अँग्रेजी शासन के दौरान राजाओं की सेना समाप्त कर दी गई थी।
अतः जनजातियाँ बेरोजगार हो गई थी।

⑩ जनजातिय क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए अंग्रेजों ने नई सेनाओं का गठन किया।
जैसे - मेवाड़ भील कोर
मेरवाड़ा बटालियन
→ इन सेनाओं का खर्च जनजातियों पर डाल दिया गया था।

⑪ ईसाई मिशनरियों द्वारा जनजातियों का धर्मान्तरण किया जा रहा था।

Springboard ACADEMY

⑫ नई आबकारी नीति के तहत जनजातियों की महुआ शराब पर रोक लगा दी गई थी।

⑬ 1881 ई० की पहली जनगणना के दौरान कुछ अफवाहों के कारण जनजातीयों में आक्रोश था।

## मेर विद्रोह :- 1821 ई०

झाक नामक स्थान से आंदोलन प्रारम्भ हुआ था।

→ अंग्रेजों ने इस आन्दोलन को दबा लिया था।

→ 1822 ई० में अंग्रेजों ने मेरवाड़ा बटालियन ( ब्यावर ) का गठन कर दिया था।

## मीणा विद्रोह → 1851 A.D.

जहाजपुर (भीलवाड़ा) परगने में यह आन्दोलन हुआ।

→ लेकिन अंग्रेजों ने इस विद्रोह को दबा दिया।

→ 1855 ई॰ अंग्रेजों ने मीणा बटालियन का गठन कर दिया था (देवली)

<u>भील विद्रोह</u> → 1881 ई॰

बारापाल नामक स्थान से यह आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था।

<u>नेता</u> – नीमा
खेमा
जोमता

→ ऋषभदेव मंदिर में कवि राजा श्यामल दास जी (मेवाड़ महाराणा के प्रतिनिधि) ने भीलों के साथ समझौता कर लिया था।

<u>भगत आन्दोलन</u> →
वागड़ क्षेत्र में भील जनजाति द्वारा यह आन्दोलन प्रारम्भ किया गया था।

<u>नेता</u> – ① गोविन्द गिरी
② सुरजी भगत

<u>गोविन्द गिरी</u> →
बेदसा नामक गाँव में एक बन्जारा परिवार में इनका जन्म हुआ था।

Springboard ACADEMY

गुरु - राजगिरि

→ स्वामी दयानन्द सरस्वती से प्रभावित हुए।

→ इन्होंने एकेश्वरवाद पर बल दिया था।

→ 1883 ई. में भीलों में आपसी एकता को बढ़ाने के लिए सम्प सभा की स्थापना की गई थी।

→ इन्होंने गाँव में पंचायतों की स्थापना की थी।

→ गाँव में कोतवालों की नियुक्तियाँ की गई थी।

→ स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का समर्थन किया था।

→ 1903 ई. में सम्प सभा का पहला अधिवेशन मानगढ़ (बाँसवाड़ा) पहाड़ी पर आयोजित किया गया था।

→ 1910 ई. में सम्प सभा ने अपनी 33 मांगे सरकार के समाने रखी लेकिन सरकार ने इन माँगों पर

Singh Academy

कोई ध्यान नहीं दिया था ।

→ 1911 ई० में वेदसा आन्दोलन का मुख्य केन्द्र बन गया था ।

→ 1911 ई० में गोविन्द गिरी ने भगत पंथ की स्थापना की थी ।

मानगढ़ हत्याकाण्ड → 17 Nov. 1913 A.D.

सम्प सभा के अधिवेशन पर अंग्रेजी पुलिस द्वारा फायरिंग की गई ।

→ इसमें 1500 से अधिक भील शहीद हो गए थे ।

→ इसे राज० का जलियावाला बाग हत्याकाण्ड कहा जाता है।

→ गोविन्द गिरी तथा पूंजा धीरजी को गिरफ्तार कर लिया गया था ।

→ 7 साल बाद गोविन्द गिरी को रिहा कर दिया गया था ।

→ इन्होंने अपना शेष जीवन काम्बिया (Gujarat) में शांतिपूर्वक बिताया ।

→ झालोद नामक स्थान पर अपने अनुयायियों को उपदेश देते थे ।

→ यह अहिंसा के समर्थक थे ।

→ इनका सफेद झण्डा शांति का प्रतीक था।

V. K. वशिष्ठ की पुस्तक - भगत आन्दोलन

→ ईडर रियासत में भी गोविन्द गिरी ने भीलों में राजनैतिक चेतना का संचार किया था।

→ 1910 ई. में पालपट्टा के सामन्त को भीलों की 21 मांगे माननी पड़ गई थी।

## एकी आन्दोलन :-

भोमट भील आन्दोलन

→ गोगुन्दा, झाडोल तथा कोटड़ा क्षेत्रों में भील तथा गरासिया जनजाति द्वारा यह आन्दोलन प्रारम्भ किया गया था।

→ यह आन्दोलन मातृकुण्डिया नामक स्थान से प्रारम्भ हुआ था।

नेता - मोतीलाल तेजावत।

Springboard Academy

मोतीलाल तेजावत :- कोल्यारी नामक गाँव में एक ओसवाल परिवार में इनका जन्म हुआ था।

→ यह पहले झाड़ोल ठिकाने में कार्य करते थे।

→ इन्होंने सरकार के सामने 21 माँगे रखी थी, जिन्हें 'मेवाड़ की पुकार' कहा जाता है।

→ इनमें से तीन माँगे स्वीकार नहीं की गई थी -

① वन सम्पदा अधिकार
② बेगार
③ जंगली सूअरों की समस्या

→ धीरे-2 यह आन्दोलन अन्य क्षेत्रों में भी फैल जाता है - बागड़, ईडर, सिरोही,

नीमंडा हत्याकाण्ड → 7 March 1922 ई.

• भीलों की एक सभा पर पुलिस द्वारा फायरिंग की गई तथा इसमें 1200 से अधिक भील शहीद हुए।

Springboard Academy

→ मोतीलाल तेजावत फरार हो गए थे।

→ 4 June 1929 ई० को खेडब्रह्म (ईडर) [Gujarat] नामक स्थान पर गाँधीजी के कहने पर मोतीलाल तेजावत ने आत्मसमर्पण कर दिया।

→ अपने 'नवजीवन' समाचार पत्र में गाँधीजी ने मोतीलाल तेजावत की रिहाई की माँग की।

→ *Que. मणिलाल कोठारी (गाँधीजी का P.A) के हस्तक्षेप से 1936 ई० में मोतीलाल तेजावत को रिहा कर दिया गया था। (महाइन्द्राज सभा द्वारा)

→ कालान्तर में इन्होंने मेवाड़ प्रजामण्डल आन्दोलन में भी भाग लिया था।

→ इन्हें 'आदिवासियों का मसीहा' कहा जाता है।

→ आदिवासी इन्हें 'बावजी' कहते थे।

[ महाइन्द्राज सभा -
यह मेवाड़ का सुप्रीम कोर्ट था।

→ 1880 ई० महाराणा सज्जन सिंह ने

स्थापना की थी।

अन्य नाम - इजलास खास]

## सिरोही का एकी आन्दोलन →

Jan. 1922 ई॰ को भील व गरासिया जनजाति द्वारा यह आन्दोलन प्रारम्भ किया गया था।

नेता - मोतीलाल तेजावत

→ सिरोही के आदिवासी इन्हें 'मेवाड़ का गाँधी' कहते थे।

→ ईडर प्रजामण्डल ने इस आन्दोलन को समर्थन दिया।

→ जनजातियों को समझाने के लिए सिरोही के दीवान रामाकान्त मालवीय ने विजय सिंह पथिक को बुलाया।

→ पथिक ने जनजातियों तथा मोतीलाल तेजावत से मुलाकात की।

हत्याकाण्ड -

↙ सियावा — 12 April 1922 ई॰

↘ भूला / बालोलिया — 5/6 May 1922

Springboard Academy

तीन शहीद 11 शहीद

→ घोघर नामक स्थान से आन्दोलन पुनः प्रारम्भ किया गया लेकिन जनजातियाँ आन्दोलन से अलग हो गई।

## मीणा आन्दोलन :-

1924 ई० में आपराधिक जनजाति अधिनियम पारित किया गया था तथा इसमें मीणा जनजाति को शामिल किया गया था।

→ 1930 ई० में जरायम पेशा कानून पारित किया गया था।

→ इस कानून के तहत प्रत्येक मीणा महिला पुरुष को थाने में हाजरी लगाना अनिवार्य कर दिया गया था।

→ मीणा जनजाति ने इन कानूनों का विरोध किया।

→ ★ Que.
1933 ई० में मीणा क्षेत्रीय महासभा का गठन किया गया था।

Springboard Academy

नेता - जवाहर राम
छोटू राम
महादेव राम

नीम का थाना सम्मेलन → 1944 ई०

→ सन्त मगन सागर ने इस सम्मेलन का आयोजन किया था।

→ इन्होंने मीन पुराण नामक पुस्तक भी लिखी थी तथा इसमें मीणा जनजाति का गौरवशाली इतिहास बताया गया था

मीणा सुधार समिति → 1944 ई०

अध्यक्ष - बंशीधर शर्मा
लक्ष्मीनारायण झरवाल
'राजेन्द्र कुमार अजेय'

बागावास सम्मेलन → 28 Oct. 1946 A.D.

26000 से अधिक चौकीदार मीणाओं ने इस्तीफे दिए तथा इसे मुक्ति दिवस के रूप मनाया।

→ 1952 ई० में जरायम पेशा कानून समाप्त कर दिया गया था।

Springboard Academy

# राज॰ के राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन

① **आर्य समाज →**

1875 ई॰ में स्वामी दयानन्द सरस्वती ने बॉम्बे में आर्य समाज की स्थापना की थी।

→ 1865 ई॰ में राजा मदनपाल के बुलाने पर स्वामी दयानन्द सरस्वती करौली आए थे।

→ यह उनकी पहली राज॰ यात्रा थी।

→ 1881 ई॰ में स्वामी जी भरतपुर आए थे।

→ इस समय अजमेर में आर्य समाज तथा जयपुर में वैदिक धर्म सभा स्थापित किए गए थे।

→ कविराजा श्यामलदास जी के बुलाने पर स्वामी जी चित्तौड़गढ़ पहुँचे।

Springboard Academy

→ गुलाब बाग (उदयपुर) के नौलखा महल में स्वामी जी ने सत्यार्थ प्रकाश का द्वितीय संस्करण लिखा था

→ Feb. 1883 ई. में उदयपुर में परोपकारिणी सभा की स्थापना की गई थी तथा महाराणा सज्जन सिंह को इसका सभापति बनाया गया था।

→ कालान्तर में परोपकारिणी सभा को अजमेर स्थानान्तरित कर दिया गया था।

★ Que. RAS

→ अजमेर में वैदिक यंत्रालय स्थापित किया गया था।

→ सत्यार्थ प्रकाश को अजमेर से प्रकाशित किया गया था।

→ प्रधानमंत्री सर प्रताप के बुलाने पर स्वामी जी जोधपुर गए थे।

→ महाराजा जसवन्त सिंह II तथा उनके मंत्री तेजसिंह स्वामी जी से प्रभावित थे।

Springboard Academy

→ जसवन्त सिंह II की प्रेमिका नन्हीं जान ने स्वामी जी को जहर दे दिया था।

→ 30 oct. 1883 ई. को दीपावली के दिन अजमेर में स्वामी जी की मृत्यु हो गई थी।

आर्य समाज के कार्यकर्ता →

- * विष्णु पांड्या (मेवाड़)
- * वासुदेव खंडेलवाल (अलवर)
- जुगल किशोरी चतुर्वेदी, मास्टर आदित्येन्द्र — भरतपुर
- चांदकरण शारदा, हरविलास शारदा, सुखदा देवी — AJMER
- कल्याण सिंह, श्यामलाल — Jaipur

→ कल्याण सिंह तथा श्यामलाल ने जैपुर में हिन्दी राजभाषा आन्दोलन चलाया था।

→ चांदकरण शारदा की पुस्तकें -

① विधवा विवाह-

② दलितोद्धार

आर्य समाज के समाचार पत्र →

① जगहित कारक

② जगलाभ चिन्तक

③ परोपकारक

→ 1885 ई० में सर प्रताप ने जोधपुर में बाल विवाह प्रतिरोधक अधिनियम पारित किया गया था।

② देश हितैषणी सभा :-

स्थापना - 2 जुलाई 1877 ई०

संस्थापक - महाराणा सज्जन सिंह

'उदयपुर'

→ कविराजा श्यामलदास जी भी इस सभा के सदस्य थे।

① विवाह संबंधित कठिनाइयों का सामना करना

② समाज सुधार

↑ मुख्य उद्देश्य

→ * राज० की किसी भी रियासत में यह समाज सुधार का पहला संगठन था।

Springboard ACADEMY

## ③ राजपूत हितकारिणी सभा :-

स्थापना - 1889 ई०

संस्थापक - वॉल्टर (A.G.G)

→ वॉल्टर राज० के राजपूतों में समाज सुधार करना चाहता था।

→ इसके लिए अजमेर में दो सम्मेलन आयोजित किए गए थे।

→ सम्मेलनों के निर्णय -

① बहुविवाह को समाप्त किया जाना चाहिए।

② विवाह की न्यूनतम आयु तय की जानी चाहिए (14, 18 वर्ष)

③ विवाह में होने वाले खर्च को सीमित किया जाना चाहिए।

④ त्याग प्रथा को समाप्त किया जाना चाहिए।

→ कानूनी बाध्यता नहीं होने के कारण समाज सुधार के प्रयास सफल नहीं हो पाए थे।

→ अतः 1936 ई० में इस संगठन को बन्द कर दिया गया था।

Springboard ACADEMY

④ वीर भारत सभा →

स्थापना - 1910 ई०

संस्थापक - केसरी सिंह बारहठ

→ यह संगठन अभिनव भारत की राज० शाखा था।

⑤ हिन्दी साहित्य समिति →

स्थापना - 1912 ई०, भरतपुर

संस्थापक - जगन्नाथ दास अधिकारी

↳ समाचार पत्र - वैभव

→ 1927 ई० में भरतपुर में हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

अध्यक्ष - गौरीशंकर हीराचन्द ओझा

→ रवीन्द्र नाथ टैगोर तथा जमनालाल बजाज ने इस सम्मेलन में भाग लिया था।

→ भरतपुर महाराजा किशन सिंह ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित कर देता है।

→ [अंग्रेजों ने इन्हें हटा दिया था तथा डंकन मैकेंजी को भरतपुर का प्रशासक बना दिया था।]

प्रताप सभा →

स्थापना - 1915 ई., उदयपुर

संस्थापक - बलवन्त सिंह मेहता

→ इस संगठन ने प्रताप जयन्ती मनाना तथा हल्दीघाटी मेला लगाना प्रारम्भ किया था।

Mains Imp

राजपूत मध्य भारत सभा →

स्थापना - 1918

स्थान - मारवाड़ी पुस्तकालय, चाँदनी चौक (दिल्ली)

संस्थापक - जमनालाल बजाज
विजयसिंह पथिक
चाँदकरण शारदा
गणेश शंकर विद्यार्थी
नरसिंह देव सरस्वती

मुख्यालय - AJMER

Springboard ACADEMY

उद्देश्य -

(i) रियासतों में राजनैतिक चेतना का संचार करना।

(ii) रियासतों में उत्तरदायी शासन की स्थापना करना।

(iii) रियासतों में कांग्रेस के सदस्य बनाना।

अधिवेशन -

1918 → दिल्ली → गिरधर शर्मा

1919 → अमृतसर -

*March 1920 → अजमेर → जमनालाल बजाज

Dec. 1920 → नागपुर → गणेश नारायण सोमाणी

↳ इस (Dec. 1920) अधिवेशन में N.C केलकर को अध्यक्ष चुना गया लेकिन वह इस अधिवेशन में शामिल नहीं हुए।

→ इस अधिवेशन में विजय सिंह पथिक ने किसानों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया था।

Springboard Academy

→ इस अधिवेशन में इस संगठन को कांग्रेस का सहयोगी संगठन घोषित कर दिया था।

Mains

## राजस्थान सेवा संघ →

स्थापना - 1919

स्थान - वर्धा, महाराष्ट्र

Que * संस्थापक - * विजय सिंह पथिक
* रामनारायण चौधरी
* हरिभाई किंकर
केसरी सिंह बारहठ
अर्जुन लाल सेठी

मुख्यालय - AJMER

उद्देश्य - (i) जनता की समस्याओं का समाधान करना।
(ii) जनता तथा राजा के बीच अच्छे संबंधों की स्थापना करना।

→ इस संगठन ने राज॰ में किसान आन्दोलनों का नेतृत्व किया।

→ 1928 - 29 ई॰ में नेताओं के आपसी मतभेदों के कारण यह संगठन बंद हो गया था।

Springboard Academy

## राजपूताना हरिजन संघ →

स्थापना - 1934

अध्यक्ष - हर विलास शारदा

→ [1932 ई. में गाँधीजी ने अखिल भारतीय हरिजन संघ की स्थापना की थी तथा घनश्याम दास बिड़ला को इसका अध्यक्ष बनाया गया था]

→ हरिविलास शारदा एक अच्छे इतिहासकार भी थे।

## खांडलाई आश्रम :-
(डूंगरपुर)

स्थापना - 1934

संस्थापक - माणिक्य लाल वर्मा

→ इस संगठन ने आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया था।

## महिला मण्डल -

स्थापना - 1935 ई उदयपुर

*Q. संस्थापक - दयाशंकर श्रोत्रिय

Springboard ACADEMY

**वागड़ सेवा मंदिर →**

स्थापना - 1935 ई०

संस्थापक - भोगीलाल पांड्या (वागड़ के गाँधी)

गौरीशंकर उपाध्याय

↳ समाचार पत्र - सेवक

**वागड़ सेवा संघ →**

स्थापना - 1938 ई०

संस्थापक - भोगीलाल पांड्या

→ इस संगठन ने भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग लिया था।

**वनवासी सेवा संघ →**

स्थापना - 1940 ई०

संस्थापक - भोगीलाल पांड्या

भूरेलाल बया

मानसिंह

→ आदिवासी क्षेत्रों में यह संगठन विद्यालय, पुस्तकालय तथा छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराता था।

Springboard ACADEMY

## महिला शिक्षा सदन :-

स्थापना - 1945 ई. हटूंडी

संस्थापक - हरिभाऊ उपाध्याय

(16) * सर्व सेवा संघ - सिद्धराज ढड्ढा

(17) मित्र मण्डल - साधु सीताराम दास

(18) विद्यार्थी यूथ लीग - टीकाराम पालीवाल

(19) मारवाड़ किसान सभा - बलदेव राव मिर्धा

↳ प्रथम अध्यक्ष - मंगल सिंह कच्छावा

Springboard ACADEMY

# राज॰ के स्वतंत्रता सेनानी

→ राज॰ सरकार ने देश के दिवाने नामक पुस्तक प्रकाशित की तथा इस पुस्तक में 51 स्वतंत्रता सेनानियों का वर्णन किया गया है।

① <u>अर्जुनलाल सेठी</u> :-

यह जयपुर के रहने वाले थे।

→ इन्होंने महाराजा कॉलेज से B॰A॰ किया था।

→ चौमू के सामन्त देवीसिंह के सचिव थे।

→ जयपुर महाराजा माधोसिंह II इन्हें प्रधानमंत्री बनाने चाहते थे।

→ तब इन्होंने कहा था कि "यदि अर्जुनलाल नौकरी करेगा तो अंग्रेजों को देश से बाहर कौन निकालेगा।

→ मथुरा के जैन विद्यालय में शिक्षक बन गए।

→ इन्होंने जैन शिक्षा प्रचारक समिति का गठन किया था।

→ *1908 ई॰ में जयपुर में वर्द्धमान विद्यालय की स्थापना की थी।

→ यह क्रांतिकारियों की पाठशाला थी।

→ यह दिल्ली बमकाण्ड से जुड़े हुए थे (1912 ई॰)

→ 1913 ई॰ के नीमेज (आरा, बिहार) हत्याकाण्ड में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

→ अंग्रेजों ने इन्हें वैलूर जेल में रखा।

→ इन्होंने जेल में भूख हड़ताल की।

→ कालान्तर में गाँधीजी के असहयोग आन्दोलन में शामिल हो गए थे।

→ राजपूताना व मध्य भारत में इन्हें कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया।

→ कालांतर में इन्होंने राजधानी छोड़ दिया तथा अजमेर की दरगाह में अरबी फारसी पढ़ाया करते थे।

Springboard Academy

→ अपनी अजमेर यात्रा के दौरान गाँधीजी ने इनसे मुलाकात की थी।

→ मृत्यु के बाद इन्हें दफनाया गया था।

<u>पुस्तकें</u> -
① स्त्री मुक्ति
② शूद्र मुक्ति

<u>नाटक</u> -
महेन्द्र कुमार
मदन पराजय
पार्श्व यज्ञ

→ अर्जुन लाल सेठी ने जयपुर में अशफाक उल्ला खाँ को सर दी थी (काकोरी ट्रेन एक्शन)

## केसरी सिंह बारहठ →

जन्मस्थान - देवखेड़ा (शाहपुरा)

→ मेवाड़ तथा कोटा रियासतों में कार्य किया था।

→ इनके कहने पर श्याम जी कृष्ण वर्मा ने मेवाड़ रियासत में काम किया।

Springboard ACADEMY

→ 1903 ई० में गवर्नर जनरल लॉर्ड कर्जन ने दिल्ली दरबार का आयोजन किया था।

→ मेवाड़ महाराणा फतेह सिंह इस दरबार में भाग लेने के लिए जा रहे थे

→ इस समय केसरी सिंह बारहठ ने उन्हें 13 दोहे लिखकर भेजे थे। जिन्हें "चेतावनी रा चूंगट्या" कहा जाता है।

→ इन्हें पढ़ने के बाद फतेह सिंह ने दिल्ली दरबार में भाग नहीं लिया था।

→ कोटा में इन्हें Superintendent of Ethnography बनाया गया।

→ 1912 ई० के महंत प्यारेलाल हत्याकाण्ड (कोटा में) अंग्रेजों ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया तथा हजारीबाग जेल में रखा।

